Regarding demands for Pensions and Gratuity forASHA workers

श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती) : सभापति महोदय, यह बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है । आंगनवाड़ी सेविकाएं पिछले कई महीनों से आंदोलन कर रही हैं । उनकी बहुत छोटी-सी मांग है कि उनको सरकारी सेवाओं में शामिल करके पेंशन और ग्रेच्युटी दी जाए । उनकी 21,000 से 26,000 रुपये स्थायी मानदेय की मांग है ।

महोदय, मेरी विनती है कि जो हमारी आंगनवाड़ी महिलाएं और आशा वर्कर्स हैं, वे कई वर्षों से हर गांव और घर में जाकर सबकी जानकारी लेती हैं । हमारा कर्तव्य बनता है कि हम उनकी मदद की जाए । आशावर्कर्स सुपरवाइजर हैं । वे दीपावली में सिर्प 2,000 रुपये का बोनस मांग रही हैं । उनको बोनस देकर हमें उनकी मदद करनी चाहिए । वे पूरे गांव के गरीब लोगों को अपने साथ लेकर चलती हैं और उनकी सेवा करती हैं । पूरा हाउस उनके साथ खड़ा होगा । मेरी विनती है कि हमें आशावर्कर्स की मदद करनी चाहिए ।